# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित **केंद्रीय विश्वविद्यालय**)

**Mahatama Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(**A Central University** Established by Parliament by Act No.3 of 1997)

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त


प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 12/01/2021

## क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा, महाराष्ट्र के क्षेत्रीय केंद्र, झूंसी प्रयागराज में आज दिनांक 12/01/2021 को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया




गया। कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल एवं अकादमिक निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। क्षेत्रीय केंद्र के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने कुलपति महोदय का स्वागत किया। सहायक कुलसचिव श्री विनोद रमेशचंद्र वैद्य ने अंगवस्त्र व सूत की माला देकर स्वागत किया। डॉ अवंतिका शुक्ला, डॉ. आशा मिश्रा, डॉ. ऋचा द्विवेदी, डॉ. विजया सिंह, डॉ. प्रभात सिंह, डॉ अनूप कुमार, डॉ. अनुराधा पाण्डेय, शिवाजी जोगदंड एवं शंभुदत्त सती ने पुष्प गुच्छ देकर कुलपति महोदय का स्वागत किया। अकादमिक निदेशक महोदय ने माननीय कुलपति सर का परिचय


**क्षेत्रीय केंद्र**

भूखंड संख्या -6/I-3 झूँसी योजना संख्या-3, प्रयागराज-**211019** उ.प्र. भारत

फोन : 0532–2567442 ईमेलः mgahva11d@gmail.com वेबसाइट : hindivishwa.org

दिया। डॉ. अनूप कुमार ने विवेकानंद जी को समर्पित एकल गीत प्रस्तुत किया। तदुपरांत माननीय कुलपति महोदय ने




स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रीय



पत्रकार, छात्र- छात्राएं आदि उपस्थित थे। केंद्र के गैर शैक्षणिक कर्मचारी राहुल त्रिपाठी, रश्मि सिंह, जगजीवन, रोहित,




देवमूर्ति द्विवेदी, बिरजू प्रसाद आदि के सहयोग से यह कायक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ.




अनुराधा पाण्डेय व डॉ. अनूप कुमार ने किया। कार्यक्रम का तकनीकी संचालन पूर्णरूपेण श्री जयेंद्र जायसवाल ने किया।




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन स्त्री अध्ययन विभाग की सह-आचार्या डॉ अर्वतिका शुक्ला ने किया।

(विनोद र. वैद्य)